Hindustani Classical Music

Dhruvpad & Khayal

Late Ustad Zahiruddin Dagar & Late Ustad Nasir Faiyazuddin Dagar
the younger Dagar Duo. Dhruvpad, Dhamar, Sadra.

हिन्दुस्तानी संगीत

ध्रुवपद एवं ख्याल

HINDUSTANI VOCAL CLASSICAL
DHRUVPAD & KHAYAL

Classical music in the north has had a history of many centuries and the time-honoured *"Guru-shishya parampara"* has helped the arts of music and dance to flow through generations like a river in perpetual flux, but preserving the best traditions and adding new features to suit each age. "The political life of a nation is only a superficial part of its being" (Romain Rolland). It is music that reflects the inner life, the philosophy, passions, and dreams of the people of each era. The period from 15th to early 19th c was the age of the exalted and majestic DHRUVPAD when great saint-singers like Swami Haridas of Brindavan & his prime disciples like Tansen and Baiju Bawra and later on Raja Man SinghTomar of Gwalior (1486 to 1526 A.D), his queen Mriganayani and his great court musicians among whom were many *"Nayaks"* proficient in both theory and practice of music, took this form to the highest peaks of glory. The growth of Dhruvpad and Dhamar was associated with the full force of the *Bhakti cult* of *Vallabh Sampradaya,* the strongholds of which were Brajbhumi, Varanasi, Lucknow, Darbhanga, Bengal, Rampur and Jaipur. But gradually their rigidity, austerity of style, and ponderous pace lost their charm, and musicians and masses alike craved for some genre with more human, romantic word-contents, more vocal embellishments, and greater scope for the singer's creative fancies. Dhruvpad lost its popularity and was almost on the verge of extinction. The recent remarkable revival of interest in Dhruvpad-Dhamar in India and even in European countries has been entirely due to the unmatched dedication and devotion of 19 generations of the Dagar 'parampara' who preserved and passed on their rich family heritage unsullied through all these generations at the cost of many personal sufferings and sacrifices. No wonder, "Daggar" and "Dhruvpad" have become synonyms now.

During the regime of Mohammad Shah *"Rangeele"*, the masses got tired of the excessively rigid Dhruvpad style and the time was ripe for the creation of the new *Classico- romantic Khayal.*

Thus the Khayal was created, but it was created over a long period of time. Amir Khusrau (1253/1325) the great lover of Indian music sowed the seeds which, however, sprouted only centuries later as the *"Qawwal-Bachcha Gharana"* of Khayals. Similarly the seeds sown by the music-loving Sharqui rulers of Jaunpur in the 15th c for the medium-tempo khayals also did not grow roots until much later. The credit for the efflorescence of KHAYAL form goes to " SADARANG" (Niamat Khan) and "ADARANG" (Feroz Khan) during

their incognito stay in Lucknow in order to escape the imperial wrath of Mohammad Shah *Rangeele* for some little provocation or insubordination on their part. They created this new classico-romantic style, taught it to some disciples in Lucknow, and the new form became immensely popular. The emperor was so pleased that he recalled them and re-instated them as court-musicians in greater honour.

Thus the Khayal was created in Lucknow, then patronised by Emperor Mohamad Shah in Delhi, and later, it flourished in Gwalior. Subsequently it became the most popular form of Hindustani classical music and it throve and branched into many famous *"GHARAANAS"* such as *"Dilli gharana", "Agra", "Rampur-Sahaswan", Jaipur-Atrauli", "Kirana", "Gwalior", "Patiala", "Mewati" gharanas* and so on. The *"Gharana"* is from *"Ghar"* meaning "family" or "a school of music", and each developed distinctively different types of voice-production, styles of interpretations, elaborations and enunciation of texts, and other ornamentations (*"alankaars"*).

While we have inherited thousands of traditional khayals, hundreds of them have been gifted to us with notations by Pdt Vishnu Narayan Bhatkhande in his KRAMIK series of books. In the last 4 or 5 decades, numerous musicians and composers well-versed in both music and literature have composed hundreds of fine khayals combining excellent melodic moulds and literary contents *(sahitya)*. Perhaps the name "KHAYAL" was Amir *Khusrau's* choice because it is a *Persian word* meaning "an idea", "a fancy" or "an imaginative thought". Dhruvpad was edged out of popularity by the early 19th c because the masses had got tired of its extreme rigidity of style. They welcomed the KHAYAL, a classico-romantic form combining the classicism of Dhruvpad with the romanticism of Thumri-Dadra etc. The Khayal-singer can give vent to his creative fancies (within the rules) and has ample scope for vocal embellishments of swaras and textual phrases. The same raga and the same khayal are elaborated differently by each singer ; herein lies the everfresh charm of even centuries-old and oft-repeated khayals!

There are 3 types of khayals:- *"Vilambit"* or slow Khayals elaborated in a serene contemplative mood; *"Madhyalaya"* or medum tempo Khayals; and the *"Drut"* or fast-paced khayals which delight the majority of audiences most, with their speed and sparkle. Khayals are couched in many dialects like chaste Hindi (Khadi boli), Persianised Hindi, Rajasthani, Punjabi, and even Sanskrit, but the most popular dialect used in Hindustani music is the sweet and musical *BRAJBHASHA,* the dialect spoken in and around the sacred *Brajbhumi* (Mathura, Brindaban etc). Into the bare framework provided by the composer, the musician adds "flesh and blood", and breathes life through his technical and imaginative skills, and varied adornments like *bol-alaps, bol-taans,* interplay of words with rhythms and so on.

Khayals usually consist of two stanzas: *Asthaayi* and *Antara.* After each

round of elaboration, the singer catches the vital first line of the song known as *mukhda"*(face), and arrives on the *"Sam"* which means "the point of union", the forceful starting-point of the *taala* (rhythmic cycle). It is the restful point of communion between *Raga* (melody) and *Taala,* which has also got a mystic meaning. Knowledge of such details adds to the sense of enjoyment and demands total attention of the *"rasikas"* (connoisseurs). Each gharana has produced a galaxy of luminaries-*"Ustads"* and *"Pandits"*- too numerous to be listed here.The KHAYAL is going to hold sway in Hindustani music for a long time to come.

SUSHEELA MISRA

Footnotes:

DHRUVPAD

"Dhruva" means 'fixed', or 'structured'; *"Pada"* means 'word' or 'syllable'. This is a type of musical composition evolved from ancient "Prabandhas" with a majestic, rigid style, and texts in Hindi in praise of Gods, music, Nature and kings. Dhruvpad was in great vogue from 15th to 19th c and it is the most ancient type of classical music extant today.

DHAMAR

Another classical type of song with Pakhawaj accompaniment like Dhruvpad. Set in a taala of 14 beats (Dhamar-taal) this is believed to have originated from the folk-songs of Braj area. Texts are in Brajbhasha in praise of Lord Krishna or describing his Hori festival sports and pranks with his beloved Radha and the Gopis (milkmaids) of Brindavan.

GURU-SHISHYA-PARAMPARA

Unbroken tradition of art (knowledge) handed down by the guru (teacher) to Shishya (disciple) in the intimacy of a closely-knit family-atmosphere for many years. While the gurv accepts the pupil like a son, the latter has to surrender himself totally to the guru and guardian in the pursuit of music, following a highly disciplined spiritual life.

VALLABH SAMPRADAYA

Worship of Lord Vishnu in all His incarnations (especially Krishna Avataar) is the central theme of this religious sect, the stronghold of which used to be the geographical region around Brajbhoomi associated with Krishna's birth, and boyhood. The Dhruvpads that they sing as part of their daily rituals of worship in the temples of Braj and in Nathdwara temple in Rajasthaan were also known as "Vishnupadas". This Sampradaya produced a large number of immortal saint-poets, composers, and singers.

Pandit Jasraj. doyen of Mewati Gharaana.
Khayal

ध्रुवपद एवं ख़्याल

उत्तर भारत में शास्त्रीय संगीत सदियों के आंगन में धड़का, गूँजा है। चिरसम्मानित गुरु–शिष्य परम्परा के द्वारा संगीत और नृत्य की कला–धारायें पीढ़ियों की संवेदनशील रचनात्मकता की रगों में बहती रही हैं– परम्परायें बनती, संवरती, निखरती रही हैं और बदलते समय के साथ–साथ नये–नये रूप में उभरती रही हैं।

''किसी कौम का राजनीतिक जीवन उसके अस्तित्व की मात्र ऊपरी परत है'' (Romain Rolland)। किसी युग के दर्शन, मानव मन के सपनों और अनुराग की रूह की परछाईयां तो संगीत ही के दर्पण में झलकती हैं।

पंद्रहवीं सदी से लेकर उन्नीसवीं सदी के आरंभ तक का समय ध्रुवपद की प्रतिष्ठा और गौरव का युग कहा जा सकता है – जिसमें वृन्दावन के संत गायक स्वामी हरिदास और उनके प्रमुख शिष्यों, तानसेन और बैजू बावरा, और बाद में राजा मानसिंह, उनकी रानी मृंगनयनी और उनके दरबार के महान ध्रुवपद गायकों ने अपनी संगीत साधना से इसे कीर्ति–शिखर तक पहुँचा दिया।

ध्रुवपद और **धमार** संगीत–शैली का वल्लभ सम्प्रदाय के भक्ति–पंथ से चोली–दामन का साथ रहा है। उन दिनों ब्रज–भूमि, वाराणसी, लखनऊ, दरभंगा, बंगाल, रामपुर और जयपुर वल्लभ सम्प्रदाय के गढ़ थे। धीरे–धीरे इस शैली के कठोर अनुशासन और कठिन धीमी चाल के कारण इसका रंग फीका पड़ता गया। संगीतकार और जनता किसी ऐसी शैली के लिए तरसने लगी, जिसमें लचक हो, सुकोमल भाव हों, नाजुक शब्दों और मोहक स्वरों के अलंकार हों और गायकों की कल्पना की उड़ान के लिए खुला आकाश हो।

उस प्यास से जन्म हुआ ''ख्याल'' का। इस शैली की कोपल फूटते ज़माना लगा। भारतीय संगीत के शैदाई अमीर खुसरो (१२५३–१३२५) कव्वाली ढंग के ख़्यालों की रचना की – लेकिन ये संगीत की धरती से जुड़ न सके, हवाओं में भटकते रहे। बहुत समय बाद यही ''खुसरवी ख़्याल'' शास्त्रीय संगीत के ''कव्वाल–बच्चा धराना ' का आधार बने।

पंद्रहवीं सदी में जौनपुर के शरकी नवाबों ने मध्य–लय ख़्यालों के आकार रचे, लेकिन उनके लिए भी शायद तब तक समय अनुकूल न था। जिनके दम से (ख़्याल ''शैली में कलियां खिलीं – वे थे सदारंग'' (नियामत खां) और 'अदारंग'' (फीरोज़ खां) जो मुहम्मद शाह रंगीले के शाही गुस्से से बचने के लिए लखनऊ में छुपे बैठे थे।

उन्होंने लखनऊ में अपने कई शिष्यों को यह नई शैली सिखाई। यूं ख़्याल का जन्म लखनऊ ही में हुआ – पर दिल्ली में इसे मुहम्मद शाह रंगीले का संरक्षण मिला, यह शैली बाद में फली–फूली ग्वालियर में। समय बीतते ख़्याल हिन्दुस्तानी संगीत की सबसे लोकप्रिय शैली बन गया। यह शैली ऐसी फली–फूली कि इसके रंग और इसकी खुशबू कई विख्यात संगीत घरानों के रूप मे उभर आई – दिल्ली घराना, आगरा, रामपुर–सहसवां, जयपुर–अतरौली, किराना, ग्वालियर, पटियाला, मेवाती घराना आदि। हर घराने ने आवाज़ बनाने, स्वर लगाने, आलाप–विस्तार, स्वोच्चार, बोल–बनाव के अपने–अपने ख़ास अदांज तराशे।

हजारों नहीं तो सैकड़ों पारम्परिक ''ख़्याल'' इस सदी के हिन्दुस्तानी संगीत को विरासत में मिले– पं. विष्णु नारायण भातखण्डे ने अपनी ''क्रमिक'' पुस्तक श्रृंखला में स्वर–लिपि सहित सैकड़ों ''ख़्यालों'' का उपहार आने वाली पीढ़ियों को दिया। पिछले पचास–साठ वर्षों में जाने कितने संगीतकारों ने उत्कृष्ट स्वर और बोल संजोकर सैकड़ों सुन्दर ''ख़्याल'' बंदिशों की रचना की।

इस शैली के लिये नाम – ''*ख़्याल*'' शायद अमीर खुसरो ने ही चुना होगा, क्योंकि यह फारसी शब्द है; इस शैली में चिन्तन और कल्पना की उड़ान के लिये अवसर ही अवसर हैं – शायद इसीलिए – उन्नीसवीं सदी के आरम्भ में ही ध्रुवपद संगीत की लोकप्रियता सिमट के रह गई – तभी से ख़्याल संगीत का एक–छत्र साम्राज्य सा स्थापित हो गया। उसका कारण यही हो सकता है कि इसमें ध्रुवपद की शास्त्रीयता और ठुमरी–दादरा के सुकोमल स्वर–सौंदर्य का संगम है।

''ख़्याल''–गायक इस शैली की पहचान बनाये रखकर कल्पना–आकाश में सुन्दर उड़ाने भर सकता है – स्वर और शब्द के रेशम का दिलकश जाल बुन सकता है। एक ही राग और एक ही ख़्याल हर गायक अपने–अपने अंदाज में गा सकता है – शायद यही कारण है कि सदियों पुराने और बारबार गाये गये ''ख़्याल'' हर बार सदा बहार ताजगी की फुहार बरसाते हैं।

''ख़्याल'' के तीन रूप हैं – ''*विलम्बित*'' चिंतनशील धीमी गति का ''ख़्याल'' – '*मध्यलय*'' मध्य गति का ख़्याल – और *द्रुत–पहाड़ी* झरने सी तेज गति का ''ख़्याल'' जो अपनी तेज चाल और लपक–झपक से श्रोताओं का मन मोह लेता है। सैकड़ों रागों और दर्जनों तालों में विस्तार है ''ख़्याल'' संगीत का। हर बार बड़े सलीके से बोलों की अदायगी होती है – आलाप, बोल–आलाप, बोल–तान और लय के सुन्दर ताने–बाने साहित्य के लिये खड़ी बोली, फ़ारसी नुमा हिन्दी, राजस्थानी, पंजाबी, यहाँ तक कि संस्कृत से बोल लेते हैं

''ख़्याल''– के लिये, लेकिन सब से मीठे, सब से सुन्दर और सुरीले बोल हैं ब्रज की ब्रज भाषा।

रचनाकार तो आकार भर रचता है ''ख़्याल'' को। गायक इसी ढांचे में सुन्दर स्वर–शरीर संजोता है, अपनी साधना और कल्पना शक्ति से उसमें प्राण फूंकने का प्रयास करता है।

''ख़्याल'' के प्राय: दो अंग होते हैं – *अस्थाई* और *अन्तरा*। विस्तार के हर चक्र के बाद गायक *मुखड़े* के सहारे *''सम''* पर आता है। राग और ताल के इस मिलन बिन्दु *''सम''* के रहस्यमय अर्थ हैं और इसमें एक तरह का आध्यात्मिक आनन्द भी है। उस आनन्द के लिए चाहिये इन बारीकियों की जानकारी। रसिक और जानकार श्रोता पूर्ण एकाग्रता से सुनते हैं तो उन्हें मिलता है संगीतानन्द – और गायक–कलाकार को मिलता है कला–सुख।

हर घराने में अनेक बड़े–बड़े गुणी कलाकार हुये हैं जिन्हें संगीत–प्रेमी आदर से ''उस्ताद'' और ''पंडित'' कहकर याद करते हैं – संगीत की इस आकाश–गंगा को प्रकाश देने वाले नामों की एक लम्बी सूची है, जिसके लिए पर्याप्त समय, स्थान और अवसर चाहिये। अभी तो यही जान लेना उचित होगा कि ''ख़्याल''–संगीत बहुत समय तक हिन्दुस्तानी संगीत की जान बनकर गूंजता रहेगा।

सुशीला मिश्रा

छाया चित्र : **राकेश सिन्हा**
हिन्दी अनुवाद : **के. के. नैय्यर**

निदेशक संस्कृति विभाग उ.प्र. के लिये निदेशक भारतेन्दु नाट्य अकादमी ए-2/58, गोमतीनगर लखनऊ द्वारा प्रकाशित एवम् शिवम आर्ट्स 211, निशातगंज, लखनऊ दूरभाष-386389 द्वारा मुद्रित।